Regarding construction of ESIC hospital in Pandu Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh? Laid

श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र कानपुर के पांडुनगर में स्थित ई०एस०आई०सी० अस्पताल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में एक दन्त कालेज तथा ई०एस०आई०सी० अस्पताल के नवीनीकरण के लिए 254.80 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति कि गयी थी तथा वर्ष 2016 में तत्कालीन माननीय मंत्री जी द्वारा 312 बेड के स्वीकृत अस्पताल का शिलान्यास भी किया जा चुका है परन्तु मंत्रालय, विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों की आपसी सामाजस्य एवं उदासीनता के चलते उक्त अस्पताल का निर्माण आज तक अपूर्ण अवस्था में है जिसके कारण उसकी लागत वर्तमान स्थिति में निर्माण हेतु स्वीकृति धनराशि से लगभग दोगुना हो गयी है । केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा थी कि कानपुर व आसपास के लगभग 10 जिलो की फैक्ट्रियों में हजारों की संख्या में जो कर्मचारी कार्यरत है उनको अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके । इसी मंशा के साथ अस्पताल की आधारशिला रखी गयी थी परन्तु अभी तक केवल भवन का अपूर्ण ढांचा ही तैयार हो पाया है । मेरा श्रम एवं रोजगार मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त अस्पताल के सम्बन्ध में एक संयुक्त समिति का गठन करके स्थलीय निरिक्षण कराकर इसकी जांच करायी जाए ।